अति–महत्वपूर्ण / समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र
की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप / अनु0–6 / सैत्रिक अंक / जून –2025 / 2157 लखनऊः दिनांकः 10/06/2025

विषयः सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर, परीक्षा मई–जून 2025 में सम्मिलित हो रहे रजिस्टर्ड / रि–रजिस्टर्ड छात्र / छात्राओं के सैत्रिक / गेम्स / अनुशासन अंक ऑनलाइन भराये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया पूर्व में प्रेषित परिषद कार्यालय के पत्रांक प्राशिप / अनु–6 / सैत्रिक अंक / मई–जून–2025 / 1262 दिनांक 21.05.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा सम सेमेस्टर / बैक पेपर परीक्षा / विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई–जून–2025 में सम्मिलित हुए, डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम को छोड़कर इंजी0 पाठयक्रम के रजिस्टर्ड / रि–रजिस्टर्ड छात्र / छात्राओं के सैत्रिक / गेम्स / अनुशासन अंक ऑनलाइन भराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

अवगत कराना है कि परिषद द्वारा आयोजित वार्षिक / बैक पेपर, फार्मेसी पाठ्यक्रम परीक्षा जून–2025 की परीक्षाएं दिनांक 09.06.2025 से परिषद द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर वर्तमान में प्रचलित हैं। सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर, परीक्षा मई–जून–2025 में सम्मिलित हो रहे रजिस्टर्ड / रि–रजिस्टर्ड छात्र / छात्राओं के सैत्रिक / गेम्स / अनुशासन अंक ऑनलाइन भराये जाने हेतु सैत्रिक / गेम्स / अनुशासन अंकों की सूचियॉ, परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध संस्था लॉगिन पर आज दिनांक 10.06.2025 से उपलब्ध कराई जा रही हैं। सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर, परीक्षा मई–जून–2025 से संबंधित सैत्रिक, गेम्स एवं अनुशासन अंक/SCA की सूचियों में अंकों की प्रविष्टि ऑनलाइन किया जाना है। ऑनलाइन सैत्रिक, गेम्स एवं अनुशासन अंक/SCA अंकों की पृविष्ट कराये जाने की अन्तिम तिथि 20.06.2025 निर्धारित है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि पूर्व में प्रेषित परिषद कार्यालय के पत्रांक प्राशिप / अनु–6 / सैत्रिक अंक / मई–जून–2025 / 1262 दिनांक 21.05.2025 में वर्णित प्रकिया के अनुसार सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर, परीक्षा मई–जून–2025 में सम्मिलित हो रहे छात्र / छात्राओं के सैत्रिक, गेम्स एवं अनुशासन अंकों / SCA अंकों की सूचियों में सावधानी पूर्वक अंकों की प्रविष्टि दिनांक 20 / 06 / 2025 तक करना सुनिश्चित करें। उक्त सैत्रिक अंकों की सॉफ्टकॉपी (पी0डी0एफ0 में एवं फाइल नेम संस्था कोड के साथ अनिवार्य रूप से) परिषद की ई0मेल0 upbteanu6@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें एवं छात्र / छात्राओं के शैक्षिक अभिलेख यथा क्लास टेस्ट / आंतरिक सेशनल परीक्षा आदि, जिसके आधार पर सैत्रिक अंकों का निर्धारण किया गया हो, की हार्डकापी संस्थाएँ दो वर्षों तक अपने पास सुरक्षित रखेंगी, ताकि भविष्य में किसी भी विषम परिस्थिति में संस्था द्वारा हार्डकापी उपलब्ध करायी जा सके। शेष निर्देश पूर्ववत रहेंगे।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप / अनु0–6 / सैत्रिक अंक / जून–2025 / 2158–61 तददिनांकः 10/06/2025

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय के साथ कि उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को, परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर प्रदर्शित करने हेतु।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।